समाचार

आयुक्त ने किया सड़क डामरीकरण कार्य का निरीक्षण

(600 मीटर लम्बाई में किए गए डामरीकरण कार्य में 25 मीटर सड़क पर दिखी गुणवत्ताहीनता, उक्त स्थल पर पुनः कार्य करने के दिए निर्देश)

कोरबा 19 नवम्बर 2019 –आयुक्त श्री राहुल देव ने आज इतवारी बाजार क्षेत्र से चित्रा टाकिज के सामने से रानी चौक की ओर जाने वाली सड़क में किए जा रहे डामरीकरण कार्य का निरीक्षण किया, उक्त सड़क डामरीकरण कार्य लगभग 600 मीटर की लम्बाई में किया गया है, जिसमें 25 मीटर की लम्बाई में डामर की मात्रा कम होने तथा कार्य अपेक्षित गुणवत्तापूर्ण न होने को गंभीरता से लेते हुए उन्होने उक्त 25 मीटर सड़क पर पुनः कार्य कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा निगम क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, सुधार व डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है। निगम द्वारा अन्य कार्यो के साथ–साथ कोरबा पुराने शहर स्थित इतवारी बाजार से रानी चौक की ओर जाने वाले मार्ग पर सड़क डामरीकरण का कार्य विगत कई दिनों से कराया जा रहा है, इस कार्य के तहत अब तक लगभग 600 मीटर लम्बाई की सड़क पर डामरीकरण का कार्य पूरा किया जा चुका है। आज आयुक्त श्री राहुल देव ने उक्त सड़क डामरीकरण कार्य का निरीक्षण किया, जिसमें पाया गया कि इतवारी बाजार के समीप उक्त सड़क पर 25 मीटर की लम्बाई में डामरीकरण कार्य के दौरान गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया है, डामर की मात्रा कम है, जिसे गंभीरता से लेते हुए आयुक्त श्री राहुल देव ने उक्त 25 मीटर की लम्बाई में किए गए कार्य को मशीन के माध्यम से उखाड़कर वहां पुनः डामरीकरण कार्य कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

सड़क मरम्मत कार्यो में गति लाएं, गुणवत्ता का ध्यान रखें– इस मौके पर आयुक्त श्री देव ने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जिन सड़कों की मरम्मत व सुधार का कार्य अभी बांकी हैं, वहां पर मरम्म्त के कार्यो में तेजी लाएं तथा सड़कों का मरम्मत कार्य पूरा करें। उन्होने कहा कि सड़क डामरीकरण कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें तथा यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि कार्यो में गुणवत्ता की शिकायतें न आयें, उन्होने स्पष्ट रूप से कहा कि कार्य गुणवत्ताहीन पाए जाने पर संबंधित निर्माण एजेंसी व जिम्मेदार अधिकारी पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

भ्रमण के दौरान कार्यपालन अभियंता एवं जोन कमिश्नर आर.के. भोजासिया, सहायक अभियंता डी.सी. सोनकर एवं लीलाधर पटेल, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, डॉ.संजय तिवारी, उप अभियंता अभय मिंज, अंजुला अनंत के साथ ही अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।